# सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स स्कूल

**एडजेसेंट नवनीति अपार्टमेंट, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज,दिल्ली – ११००९२**

**सत्र: २०२६-२०२७**

| कक्षा:-चार | विषय:हिंदी | पाठ- ५ हम छोटे-छोटे बच्चे( कविता) |
|---|---|---|

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।**

**प्रश्न१) छोटे-छोटे बच्चे सबके गले का हर किस प्रकार हैं ?**

**उत्तर छोटे-छोटे बच्चे सब के गले का हार इसलिए हैं ,क्योंकि बच्चों के हृदय की कोमलता और सरलता सबको भा जाती है । सभी उन्हें प्रेम करते हैं ।**

**प्रश्न २) छोटे बच्चे किस-किस दिशा से आए हैं ?**

**उत्तर छोटे बच्चे पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण दिशा से आए हैं ।**

**प्रश्न ३) बच्चे दुनिया की आवाज़ बनकर क्या कहना चाहते हैं ?**

**उत्तर बच्चे दुनिया की आवाज बनकर कहना चाहते हैं कि दुनिया में होने वाले लड़ाई-झगड़े समाप्त हो जाए । हम सब मेल-जोल से रहें और पूरी दुनिया में सुख शांति बनी रहे ।**

**निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए ।**

क) बदहाली- बुरे हालात
बाढ़ के बाद गाँव के लोगों की बदहाली देखकर लोग भावुक हो गए ।

ख) अमन- शांति
दोनों देशों के बीच हुए समझौते से सीमाओं पर अमन लौट आया है ।

ग) दमघोंटू -जिसमें दम उठता हो
बढ़ती गर्मी और प्रदूषण के कारण दिल्ली का वातावरण दमघोंटू हो गया है ।

घ) बारूद- बम आतिशबाज़ी बनाने का रसायन
बच्चों के लिए बारूद और पटाखों से खेलना बहुत खतरनाक होता है ।